कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 29.07.2025

/प्रेस विज्ञप्ति/

**कन्या महाविद्यालय में**

# दीक्षारंभ समारोह का आयोजन

शासकीय डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग में दीक्षारंभ समारोह का आयोजन नव–प्रवेशित छात्राओं एवं उनके अभिभावकों का स्वागत करने हेतु किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मान0 श्री गजेन्द्र यादव, विधायक दुर्ग छ0ग0 शासन ने नव–प्रवेशित छात्राओं का सम्मान तिलक लगाकर एवं पुष्पवर्षा करके किया। इस अवसर पर छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज मेरा सौभाग्य है कि मैं बेटियों के दीक्षारंभ संस्कार में उपस्थित हुआ हूं। महाविद्यालयों में गुरू शिष्य के मध्य शिक्षा का आदान–प्रदान, मनोयोग से प्रारंभ होता है। उसे दीक्षारंभ संस्कार के रूप में प्रारंभ किया गया है। वर्तमान में नई शिक्षा नीति 2024 के अंतर्गत नवाचार अन्वेषण व्यक्ति के अंदर की क्षमता को सशक्त बनाने एवं निखारने की कोशिश करता है। अतः छात्राऐं अपने व्यक्तित्व के विकास में निरंतर अग्रसर रहे। उन्होंने छात्राओं के हित को ध्यान में रखते हुए पूर्ण सुविधाऐं प्रदान करने की घोषणा की।

महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ0 रंजना श्रीवास्तव ने कहा कि यह महाविद्यालय इस जिले का एकमात्र प्रतिष्ठित कन्या महाविद्यालय है, लेकिन इसके अनुरूप संसाधन नहीं है। सीमित संसाधन के बावजूद भी छात्राऐं निरंतर सर्वोच्च विकास की ओर बढ़ते हुए नवीन कीर्तिमान स्थापित कर रही है। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि जनभागीदारी अध्यक्ष श्रीमती प्रीति साहू ने छात्राओं को अपने भविष्य को संवारने के लिए प्रयास करते रहने की शुभकामनाएं दी। डॉ0 सुषमा यादव ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति, डॉ0 अनिल जैन ने एण्टी रैगिंग, डॉ0 अमिता सहगल ने छात्राओं के व्यक्तित्व विकास, डॉ0 यशेश्वरी ध्रुव ने राष्ट्रीय सेवा योजना, युवा उत्सव, डॉ0 ऋतु दुबे ने क्रीडा की गतिविधियों, डॉ0 मंजूलता साव ने पुस्तकालय की सुविधाओं के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की। महाविद्यालय की एम्बेसेडर छात्राओं कु0 तृप्ति साहू, वाणी, हेमलता, गोदावरी ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 मिलिन्द अमृतफले ने किया। इस अवसर पर श्रीमती झरना वर्मा, श्री दिनेश एवं महाविद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

*टीप – छात्रहित में प्रकाशन हेतु निवेदित।*

**(डॉ0 रंजना श्रीवास्तव)**
**प्राचार्य**
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)

# दीक्षारंभ समारोह का आयोजन







